कार्यालय जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जयपुर महानगर–प्रथम

क्रमांक : स्था/142/2016/236 दिनांकः– 12 जनवरी, 2024

–: आ–दे–श :–

जयपुर महानगर–प्रथम न्यायक्षेत्र में कार्यरत निम्नांकित तामील कुनिन्दा, जो राजस्थान जिला न्यायालय मंत्रालयिक संस्थापन नियम, 1986 (यथासंशोधित) के तहत लिपिक ग्रेड–II के पद के लिये विहित शैक्षणिक व कम्प्यूटर संबंधी अर्हता रखते हैं तथा जिन्होंने इस न्यायक्षेत्र में 05 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण कर ली है, को उक्त नियमों में दिये गये प्रावधानों के अनुसार तुरन्त प्रभाव से अस्थायी रूप से **लिपिक ग्रेड–II** के पद पर राजस्थान सिविल सेवा (पुनरीक्षित वेतन) नियम, 2017 के तहत पे लेवल एल–5 (पूर्व वेतनमान में PB-1 5200-20200 में ग्रेड पे–2400/–) के अन्तर्गत नियमानुसार देय वेतन–भत्तों पर विभागीय पदोन्नति सह प्रशासनिक समिति की अनुशंषा रिपोर्ट के आधार पर एतद्द्वारा पदोन्नत किया जाता हैः–

क्रम संख्या	नाम कर्मचारी सर्वश्री/श्रीमती/सुश्री	वर्तमान पद	वर्तमान पदस्थापन न्यायालय का नाम
1.	पार्वती देवी सैन	तामील कुनिन्दा	ADJ No. 10 (Sanganer)
2.	सुरेश चन्द शर्मा	तामील कुनिन्दा	DJ Court

नोट :–

01 यदि उपरोक्त कर्मचारीगण का कार्य संतोषजनक नहीं पाया जाता है तो उन्हें बिना किसी नोटिस के मूल पद पर प्रत्यावर्तित (revert) कर दिया जावेगा।

02 कुछ कर्मचारीगण द्वारा पदोन्नतियों के सम्बन्ध में माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय में रिट याचिकाएँ दायर की हुई हैं। उक्त पदोन्नतियां विभिन्न लंबित याचिकाओं में पारित अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेगी।

03 उपरोक्त आदेश का इन्द्राज कर्मचारीगण के सेवा–अभिलेख/सेवा रोल में किया जावे।

04 उक्त कर्मचारीगण के पदस्थापन आदेश पृथक् से प्रसारित किये जायेंगे।

05 उपरोक्त कर्मचारीगण की वरीयता उपरोक्तानुसार रहेगी तथा लिपिक ग्रेड–II की विद्यमान वरीयता सूची में सबसे नीचे उपरोक्त क्रमानुसार जोड़ी जायेगी।

06 कर्मचारीगण को उपरोक्त पदोन्नति से संबंधित समस्त वित्तीय लाभ उक्त पदोन्नत पद पर कार्यभार ग्रहण करने की दिनांक से नियमानुसार देय होंगे।

Sd/-
जिला एवं सेशन न्यायाधीश
जयपुर महानगर–प्रथम

क्रमांक : स्था/142/2016/236 दिनांकः– 12 जनवरी, 2024

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

01 प्रभारी अधिकारी (लेखा शाखा), जिला एवं सेशन न्यायालय, जयपुर महानगर–प्रथम
02 संबंधित न्यायालय ...., जयपुर महानगर–प्रथम
03 संबंधित कर्मचारी ....
04 सिस्टम ऑफिसर को न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड़ करने हेतु।
05 निजी पत्रावली–संबंधित कर्मचारी ....
06 आदेश पत्रावली / संबंधित पत्रावली / रक्षित पत्रावली

जिला एवं सेशन न्यायाधीश
जयपुर महानगर–प्रथम